मध्यप्रदेश शासन

उच्च शिक्षा विभाग

:: मंत्रालय ::

क्रमांक 2044/494/2021/38/2 भोपाल, दिनांक 29/12/21

प्रति,

1. सचिव,
   निजी वि. वि. विनियामक आयोग
2. कुलसचिव, (समस्त)
   विश्वविद्यालय, म.प्र.
3. अतिरिक्त संचालक, (समस्त)
   संभागीय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.
4. प्राचार्य, (समस्त)
   लीड कॉलेज, म.प्र.

विषय:- स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के संबंध में।

संदर्भ:- 1. उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्र. 1637/494/2021/38-2 दिनांक 06.10.2021।

2. उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्र. 573/165/रासेयो/2021/38 दिनांक 21.10.2021।

3. उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्र. 1726/494/2021/38-2 दिनांक 27.10.2021।

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं (महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों) में "आजादी का अमृत महोत्सव" अंतर्गत कार्यक्रमों के गरिमामय आयोजन तथा जानकारी एवं फोटोग्राफ वेबसाईट www.indiaat75.mp.gov.in पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया था। जानकारी अपलोड करने हेतु उक्त संबंधितों के युजर आईडी एवं पासवर्ड तैयार कर संबंधितों को ई-मेल किया जा चुका है। कृपया निम्न निर्धारित प्रपत्र में संबंधित जानकारी दिनांक 10.01.2022 से पूर्व उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

| क्र. | संस्था का नाम | अधिकार क्षेत्र में आने वाली संस्थाओं में विषयांतर्गत आयोजित कार्यक्रम (संख्या) | वेबसाईट www.indiaat75.mp.gov.in पर अपलोड किये गये कार्यक्रमों की संख्या | युजर आईडी जिसके माध्यम से जानकारी अपलोड की गई है | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | महाविद्यालय/विश्व विद्यालय/निजी विश्वविद्यालय आयोग | | | सचिव/कुल सचिव/संभागीय क्षेत्रीय अतिरिक्त/ प्राचार्य | |

संलग्न- उपरोक्तानुसार

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग

प्रति,
समस्त प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष/ निदेशक
विक्रम वि.वि. परिक्षेत्र के महाविद्यालय/ अध्ययनशाला/ संस्थान
की ओर निर्देशानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित

Proctor. 30/12/2021

Proctor
Vikram University
UJJAIN

पृ. क्रमांक 2045/494/2021/38/2 भोपाल, दिनांक 29/12/21

प्रतिलिपि:-

1. स्टाफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. अध्यक्ष निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल, मध्यप्रदेश।
3. निज सहायक, कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
4. निज सहायक, अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा, संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
5. राज्य संपर्क अधिकारी, एन.एस.एस. उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
6. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय (शासकीय/निजी/अनुदान प्राप्त) मध्यप्रदेश।
7. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकरी, आई.टी.शाखा, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

29.12.21

अवर सचिव

म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 1637/499/2021/38-2
प्रति,

भोपाल दिनांक 6/10/21

सचिव
निजी वि. वि. विनियामक आयोग
2 कुलसचिव (समस्त)
विश्वविद्यालय, म.प्र.
3 अतिरिक्त संचालक (समस्त)
संभागीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.
4 प्राचार्य (समस्त)
लीड कॉलेज, म.प्र.

विषय - स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के संबंध में।
संदर्भ - उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्र. 515/499/38-2 दिनांक 09.03.2021।

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से "आजादी का अमृत महोत्सव" के गरिमापूर्ण आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था। विभाग द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की संशोधित कार्ययोजना संलग्न कर प्रेषित है, कार्ययोजना अनुसार गरिमामय कार्यक्रमों ( कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए) का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें।

2. दिशानिर्देश संलग्न कर अपेक्षा है कि अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाली संस्थाओं में विषयान्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन कर विवरण एवं फोटोग्राफ वेबसाईट - indiaat75.mp.gov.in पर अपलोड करेंगे।

3 वेबसाईट पर सम्बंधित जानकारी दर्ज करने हेतु युजर आई.डी. एवं पासवर्ड पृथक से ई-मेल द्वारा शीघ्र उपलब्ध कराया जावेगा।(युजर मैनुअल संलग्न)। आवश्यकता पड़ने पर विभाग के नोडल अधिकारी श्री अनित कुमार राय (email- anit.kumarrai@mp.gov.in दूरभाष-8319543264) से सम्पर्क कर सकते हैं।

संलग्नपः-उपरोक्तानुसार

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग

अत्यावश्यक कार्यक्रम


मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
संचालनालय भोपाल - 462004


क्रमांक 572 / 16 / आउशि/2021/ 38 भोपाल, दिनांक 2? / 10 / 2021

प्रति,

प्राचार्य,

समस्त शासकीय / अशासकीय अनुदान प्राप्त / निजी महाविद्यालय,

मध्यप्रदेश ।

**विषय:-** अमृत महोत्सव अंतर्गत NEW INDIA@75 : "जनभागीदारी से जन-आंदोलन" कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में "हमारा समाज-हमारी जिम्मेदारी" अभियान विषयक ।

--0--

स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संचालित किये जा रहे अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में NEW INDIA@75 : "जनभागीदारी से जनआंदोलन" कार्यक्रम के अंतर्गत "हमारा समाज-हमारी जिम्मेदारी" अभियान संचालित किया जाना है। इस कार्यक्रम में समस्त विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी । कार्यक्रम दिनांक 01 नवंबर 2021 से दिनांक 15 अगस्त, 2022 (स्वतंत्रता दिवस) तक संचालित होगा, जिसकी कार्ययोजना निम्नवत रहेगी :-

<u>थीम - राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं समग्र विकास</u>

1. **01 नवंबर 2021 : मध्यप्रदेश दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन ।**
   - लोक कला व सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रशिक्षित एवं अनुभवी कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक कलाओं के महत्व पर आधारित व्याख्यान का आयोजन ।
   - गायन, अभिनय, मिमिक्री, वादन एवं नृत्य विधाओं पर प्रतियोगिताओं का आयोजन ।

2. **20 नवंबर, 2021 : अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस**
   - बाल अधिकार, संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम ।

3. **01 दिसम्बर 2021 : विश्व एड्स दिवस**
   - एचआईवी / एड्स से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम ।
   - पॉलीथीन मुक्ति अभियान । पॉलिथीन के दुष्प्रभावों को बताते हुए थैले के इस्तेमाल को प्रेरित करना।
   - विशेषज्ञ, चिकित्सक / पर्यावरणविदों के माध्यम से व्याख्यान / वेबीनार आयोजित करना ।

4. **10 दिसम्बर, 2021 : मानव अधिकार दिवस**
   - मानव अधिकार दिवस पर एक दिवसीय / दो दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत व्याख्यान अथवा वेबिनार का आयोजन ।
   - कोरोना की तीसरी लहर के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम ।

5. **12 जनवरी, 2022 : राष्ट्रीय युवा दिवस /युवा सप्ताह कार्यक्रम**
   - स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर संगोष्ठी/वेबिनार, गोदग्राम में रक्त समूह परीक्षण शिविरों का आयोजन रक्तदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम ।
   - किशोर/किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता/व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता ।
   - स्थानीय चिकित्सा केन्द्रों के चिकित्सकों के माध्यम से गोद-ग्रामों / वार्ड एवं बस्तियों में किशोर, किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता / व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना ।

निरंतर .....

6. 26 जनवरी, 2022 : गणतंत्र दिवस

- गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन।

7. 30 जनवरी, 2022 : शहीद दिवस

- महात्मा गांधी जी के ग्राम विकास अंतर्गत विचारों पर संगोष्ठी का आयोजन एवं गोद ग्रामों में स्वच्छता संबंधी कार्य।

8. 12 फरवरी, 2022 : गोद ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम

- गाजर घास उन्मूलन विषय पर विषय विशेषज्ञों के माध्यम से जागरूकता वेबीनार अथवा कार्यक्रम का आयोजन।
- जहरीले कीटों, सर्पों की जानकारी एवं उनसे बचाव व उनके संरक्षण हेतु ग्रामीणों को विषय विशेषज्ञों से जागरूक कराना।
- गोबर खाद, जैविक कृषि पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम अथवा वेबीनार का आयोजन।

9. 22 फरवरी, 2022 : रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर रैली, प्रभात फेरी, रंगोली, के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम।

- बाल विवाह
- कन्या भ्रूण हत्या
- छुआछूत
- दहेज प्रथा
- जल संरक्षण
- पालतू पशु संरक्षण

आदि विषयों पर कार्यक्रमों का ऑनलाइन आयोजन अथवा गोद ग्रामों व बस्तियों में किया जाएगा।

10. 08 मार्च, 2022 : अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

- स्थानीय यातायात अधिकारियों के माध्यम से यातायात नियमों, कानूनों और वाहन चालकों एवं राहगीरों के अधिकारों की जानकारी से संबंधित व्याख्यान / वेबीनार का आयोजन।
- स्थानीय पुलिस प्रशासन के माध्यम से छात्रों और छात्राओं के साथ संयुक्त कार्यक्रम आयोजित कर सुरक्षा विषयों पर परिचर्चा एवं साइबर अपराध/ यौन शोषण जैसे विभिन्न मुख्य अपराधों के विषय में जागरूकता व कानूनी नियमों की जानकारी उपलब्ध कराना।
- छात्राओं हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन।

11. 31 मार्च, 2022: विश्व वन दिवस

- वन्य प्राणी संरक्षण पर व्याख्यान / परिचर्चा। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।

12. 07 अप्रैल, 2022 : विश्व स्वास्थ्य दिवस

- स्थानीय चिकित्सा केन्द्रों के माध्यम से गोद-ग्राम /बस्तियों में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन करते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक करना।
- गोद ग्रामों व बस्तियों में महिलाओं व युवतियों को सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करना।

निरंतर .....

- माहवारी के प्रति रही भ्रांतियों/भ्रामक धारणाओं के संबंध में स्थानीय महिला चिकित्सकों के माध्यम से गोद ग्रामों व बस्तियों की महिलाओं, किशोरियों व युवतियों को आवश्यक परामर्श प्रदान कराना।
- सखी-सहेली अभियान के माध्यम से जागरूक महिलाओं व युवतियों द्वारा अन्य को जागरूक कराना।
- स्माईल अभियान के अंतर्गत स्वस्थ दांत के साथ स्माईल सेल्फी से जागरूकता। ओरल हेल्थ पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वस्थ दांत के साथ स्माईल सेल्फी का आयोजन जिसमें व्यक्तिगत रूप से अथवा कोरोना नियमों के पालन के साथ समूह सेल्फी के माध्यम से सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान।

13. 14 अप्रैल, 2022 : अग्निरोधक दिवस

- ऑनलाईन पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि जागरूक कार्यक्रम का आयोजन।

14. 01 मई, 2022 : मजदूर दिवस

- मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन बस्ती / ग्राम में करना।

15. **31 मई, 2022 : तम्बाकू निषेध दिवस - वयस्कों में नशा मुक्ति हेतु कार्यक्रम " मेरा मित्र-मेरी जिम्मेदारी "।**

- गोद ग्रामों, बस्तियों में नशा न करने की शपथ देते हुए नशा छोड़ने को प्रेरित करना। नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा ना करने की शपथ दिलाना एवं समय समय पर मानिटरिंग करना।
- अपने मित्रों की जिम्मेदारी लेना और स्वयं नशा ना करने की शपथ लेते हुए अपने मित्रों को भी नशा ना करने या नशा छोड़ने को प्रेरित करना।
- गोद ग्रामों व बस्तियों के युवकों से मित्रवत व्यवहार स्थापित करना, उनके बीच नशे के दुष्प्रभावों संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन करना और उन्हें नशे का दुष्प्रभाव बताते हुए नशा ना करने के लिए प्रेरित करना और शपथ दिलाना।
- नशा छोड़ने वाले युवकों की लगातार मॉनिटरिंग करना और उन्हें समय-समय पर मार्गदर्शित करना।

16. **05 जून, 2022 : विश्व पर्यावरण दिवस**

- गोदग्रामों, बस्तियों में स्वच्छता/पशु पक्षियों हेतु दाना-पानी हेतु सकोरे रखे जाना, वृक्षारोपण आदि जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।
- पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी।

17. **21 जून, 2022: विश्व योग दिवस**

- संस्था / गोद ग्रामों में योग, प्राणायाम आदि के प्रति जागरूकता कार्यक्रम।
- स्वस्थ जीवन शैली एवं पोष्टिक आहार कार्यक्रम।

18. **11 जुलाई, 2022 : विश्व जनसंख्या दिवस**

- जनसंख्या नियंत्रण विषय पर संगोष्ठी।
- स्वरोजगार, लघु उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम, व्याख्यान का आयोजन।
- हस्तशिल्प, हस्तकला एवं स्वदेशी कलाओं को बढ़ावा देने हेतु विशेषज्ञों के माध्यम से एक दिवसीय, दो दिवसीय अथवा साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों व्याख्यान अथवा वेबीनारों का आयोजन।

19. **26 जुलाई, 2022 : पुरातत्वीय राष्ट्रीय स्मारक, धरोहर संरक्षण विषय पर व्याख्यान / वेबिनार का आयोजन।**

- विषय विशेषज्ञों, पुरातत्वविदों और इतिहासकारों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमों का संस्थाओं, ऐतिहासिक स्थलों में अथवा ऑनलाईन माध्यम से आयोजन।
- ऐतिहासिक धरोहरों के महत्व संबंधी निबंध लेखन, स्मारकों की चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन

निरंतर .....

20 01 अगस्त, 2022 : विश्व स्तनपान सप्ताह

- गांवो में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, महिलाओं एवं शिशुओं के पोषण आहार के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम।

21 15 अगस्त, 2022 : स्वतंत्रता दिवस

- विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ एवं स्वयंसेवकों को पुरस्कृत करना सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन ।

कार्यक्रम का समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से होगा परन्तु महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम सुनिश्चित किये जायेंगे।प्राचार्य कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रूचि एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों के सहयोग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम आयोजित करायेंगे।

उपरोक्त सभी आयोजन कोरोना से बचाव संबंधी शासन एवं स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए किए जायेंगे। प्रत्येक माह के कार्यक्रम आयोजन उपरांत समस्त अतिरिक्त संचालक अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले अग्रणी महाविद्यालयों के माध्यम से समस्त शासकीय/अशासकीय एवं निजी महाविद्यालयों द्वारा आयोजित तिथिवार कार्यक्रमो की समेकित रिपोर्ट, मय फोटोग्राफ्स एवं पेपर कटिंग के संलग्न प्रारूप अनुसार प्राप्त कर,एकजाई जानकारी नोडल अधिकारी श्री अनित कुमार राय,विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मंत्रालय के ई-मेल पर anit.kumarrai @mp.gov.in पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

नोट:- अग्रणी महाविद्यालय/ महाविद्यालय सीधे उपरोक्त मेल पर जानकारी नहीं देगें,जानकारी अतिरिक्त संचालक के माध्यम से ही दी जाए।

21-10-21

( वीरन सिंह भलावी )

अवर सचिव,

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ क्र- 574/165/2021/38 भोपाल, दिनांक 21/10/2021

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, भोपाल।
2. निज सहायक, माननीय मंत्री जी उच्च शिक्षा।
3. निज सहायक, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
5. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
6. अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय, विनियामक आयोग, म.प्र.।
7. निज सहायक,कुलपति, म.प्र. (समस्त परंपरागत विश्वविद्यालय,पृथक अधिनियम से स्थापित विश्वविद्यालय एवं निजी विश्वविद्यालय, म.प्र.)
8. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र.।
9. कुल सचिव,( समस्त परंपरागत विश्वविद्यालय पृथक अधिनियम से स्थापित विश्वविद्यालयएवं निजी वि. वि. म.प्र.) कृपया विश्वविद्यालयों की अध्ययन शालाओं में भी उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित करवाते हुए समेकित रिपोर्ट पत्र में निहित मेल पर मय फोटोग्राफ्स एवं पेपर कटिंग के भेजने का कष्ट करें।
10. समस्त कार्यक्रम समन्वयक,रासेयो युक्त विश्वविद्यालय,म.प्र.।
11. श्री अनित कुमार राय (वि.क.अ.) नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल।
12. प्रभारी अधिकारी आईटीसेल उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर विभागीय वैबसाईड पर अपलोड करने के संबंध में सूचनार्थ।

21-10-21

अवर सचिव,

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

मध्यप्रदेश शासन

उच्च शिक्षा विभाग

:: मंत्रालय ::

क्रमांक 1726/494/2021/38/2 भोपाल, दिनांक 27/10/21

प्रति,

1. कुलसचिव (समस्त)
   म.प्र. विश्वविद्यालय

2. सचिव,
   म.प्र. निजी वि. वि. विनियामक आयोग, भोपाल

विषय:- आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

संदर्भ:- कार्यालय का पत्र क्र. 1637/494/2021/38-2 दिनांक 06.10.2021 एवं संचालनालय का पत्र क्रमांक 313/वि.बै.परि./2021 दिनांक 16.03.2021।

कृपया, विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों के माध्यम में आजादी के अमृत महोत्सव की कार्ययोजना विभाग द्वारा बनाकर कार्यक्रमों के गरिमामय आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही आयोजित कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटोग्राफ वेबसाईट(http://www.indiaat75.mp.gov.in) पर अपलोड करने की अपेक्षा थी। समस्त विश्वविद्यालय को युजर-आईडी एवं पासवर्ड ई-मेल द्वारा पूर्व में प्रेषित किया जा चुके हैं।

अतः पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रमों का विवरण वेबसाईट पर अनिवार्यतः अपलोड करवाने का कष्ट करें।

27-10-21

(वीरन सिंह भलावी)

अवर सचिव,

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ. क्रमांक 1727/494/2021/38/2 भोपाल, दिनांक 27/10/21

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय, विनियामक आयोग, म.प्र.।
2. निज सहायक, कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
3. समस्त कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो युक्त विश्वविद्यालय, म.प्र.।
4. प्रभारी अधिकारी आईटीसेल उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के संबंध में सूचनार्थ।

27-10-21

अवर सचिव,

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग